हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

**रोहतक**, बुधवार, 3 सितंबर 2025

11 बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



12 समस्त बाधाओं को दूर करते हैं गणपति



## खबर संक्षेप

### एनएसक्यूएफ रोजगार मेला दस सितंबर को

**झज्जर।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आगामी दस सितंबर को एनएसक्यूएफ रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। समग्र शिक्षा जिला परियोजना अधिकारी सुशील भारती ने बताया कि इस रोजगार मेले में जिले के विभिन्न 31 स्कूलों में एनएसक्यूएफ लेवल 4 पूरा कर चुके करीब दो सौ विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को उनकी क्षमता आवश्यकता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। रोजगार मेले को लेकर एडीसी एवं समग्र शिक्षा अध्यक्ष जगनिवास की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन भी किया गया। मीटिंग में एमएसएमई बहादुरगढ़ कार्यालय की तरफ से दीपक व रोजगार कार्यालय की तरफ से मंयक ने भाग लिया। एडीसी ने मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ज्यादा से ज्यादा कंपनियों को रोजगार मेले में शामिल करें ताकि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सकें।

### टांडाहेड़ी से लापता व्यक्ति का नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी निवासी एक 37 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। कृष्ण ने बताया कि उसका छोटा भाई नरेश कुमार 31 अगस्त की भोजन के बाद रात करीब 10 बजे बाहर टहलने गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने नरेश की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने पुलिस प्रशासन से नरेश को जल्द से जल्द खोजने की मांग की है।

### मोबाइल चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर ।** पुलिस की एक टीम द्वारा कंपनी से मोबाइल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दुलीना पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरुण निवासी सिलानी गेट और केशव निवासी कच्चा बाबरा रोड झज्जर के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों से चुराए गए मोबाइल बरामद किए गए है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार



**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गौरव के रूप में हुई है। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल बरामद हुई है। उसके खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### डंपर चोरी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा ट्रैक्टर का डंपर चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी बेरी प्रभारी सतवीर ने बताया कि राजेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नवीन निवासी जेपी कॉलोनी रोहतक के तौर पर की गई है। आरोपी से चोरी किए डंपर का एक एक्सेल व दो टायर बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

---

**गांवों व शहरों में बाढ़ जैसा नजारा : जिले के कई स्कूलों में पानी भरा, नहीं लगाई कक्षाएं**

# लगातार बारिश से बिगड़ रहे हालात, अधिकारी बोले -जरूरी होने पर ही घर से निकलें, आज बंद रहेंगे स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र



**झज्जर।** शहर के अंबेडकर चौक पर हुए जलभराव के बीच गुजरते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लगातार हो रही बारिश के कारण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए है। स्थिति यह है कि घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रखा है। शहर के रहणियां कॉलोनी, नीम आली कालोनी, सेक्टर नौ रिहायशी इलाकों में हालात बद से बदतर है। जलभराव के कारण लोग अपने घरों में कैद है और बीमारियां फैलने का भय भी उन्हें सता रहा है। मंगलवार दिनभर हुई तेज बरसात के कारण शहर की शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में पानी घुस गया। जिसके कारण बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। वहीं मलिकपुर, जहाजगढ़ सहित जिले के कई गांवों के राजकीय स्कूलों में जलभराव के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासनिक अमला दिनभर पानी निकासी कार्य में जुटा रहा। लेकिन निरंतर बरसात के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाई।

उधर, बारिश के बीच नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर का दौरा किया और जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को झज्जर में 52 एमएम, बादली में 15 एमएम, बेरी में तीन एमएम, मातनहेल में 15 और साल्हावास में 16 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं सोमवार को झज्जर में 99 एमएम, बादली में 98 एमएम, बेरी में 124 एमएम, मातनहेल में 15 एमएम और साल्हावास में 19 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### झज्जर में 52 , बादली में 15 , बेरी में 3 एमएम, मातनहेल में 15 और साल्हावास में 16 व बहादुरगढ़ में 92 एमएम बारिश



**झज्जर।** शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में पानी में खड़ी छात्राएं।

### बाढ़ कंट्रोल रूम में स्थापित

**झज्जर।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति के मद्देनजर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आमजन की सुरक्षा के लिए जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल तथा आंगनवाड़ी केंद्र बुधवार को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे घर पर सुरक्षित रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें। विशेषकर निचले क्षेत्रों और नालों के किनारे जाने से परहेज करें। किसी भी बाढ़ संबंधी स्थिति या सहायता के लिए नागरिक जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नंबर 1251-254270 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एसडीएम ने किया गांवों का दौरा, निकासी के निर्देश



**बेरी।** मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव माजरा बी, दूबलधन, सफीपुर, गोधड़ी, चिमनी गांवों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी जल भराव होता है वहां पर तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था करें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जलभराव की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ग्रामीणों के साथ खड़ा है, किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 9991807835 है।

### डीसी ने की समीक्षा, गांवों में कमेटियां बनेगी

**झज्जर।** मौसम विभाग की चेतावनी और जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के मद्देनजर जिला प्रशासन ने पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिला प्रशासन के सभी प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर बाढ़ नियंत्रण और राहत कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर ठोस एक्शन प्लान तैयार करें और फील्ड में जाकर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गांव या शहर में जलभराव से जनजीवन प्रभावित न हो।




**मिट्टी के कट्टे तैयार रखें विभाग:** डीसी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि मिट्टी से भरे कट्टों का पर्याप्त स्टॉक हर गांव के हिसाब से तैयार रखा जाए। ताकि जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सके।

**गांव-गांव का दौरा करेंगे अधिकारी :** डीसी ने सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव स्तर पर मौजिज व्यक्तियों और जिम्मेदार ग्रामीणों की विशेष कमेटियां बनाई जाएं। इन कमेटियों के माध्यम से प्रशासन की सूचनाएं तुरंत गांव-गांव तक पहुंचेंगी। अधिकारी गांव-गांव जाएंगे।

### छुड़ानी में धान की फसल के साथ डूबे किसानों के अरमान



**बहादुरगढ़।** ड्रेन में डिवाटरिंग के लिए लगाए गए पंप।

**बहादुरगढ़।** प्रशासनिक लापरवाही ने छुड़ानी गांव की फसलों के साथ ही किसानों के अरमानों को डूबा दिया। गांव के खेत अब तालाब और झील नजर आते हैं। मातन लिंक ड्रेन से केसीबी ड्रेन में होने वाली पंपिंग बंद होने से हालात बिगड़ गए। मातन लिंक ड्रेन भी खेतों में नजर नही आ रही है। छुड़ानी गांव में सैकड़ों एकड़ फसल डूबकर बर्बाद हो गई है। किसान कृष्ण, रामकरण, लाला और अजीत सिंह ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग ने उन्हें बर्बाद कर दिया है। पहले मातन लिंक ड्रेन के अंदर खेतों की निकासी के लिए दबाए पाइप खेतों में खोल दिए। उसके बाद मातन लिंक ड्रेन की डिवाटरिंग और पंपिंग बंद कर दी गई। डहरी क्षेत्र के साथ थली के खेत भी पानी में डूब गए। यह पानी कभी भी गांव में अंदर घुसना शुरू हो सकता है। तीन दिन पहले तक लहलहाने वाली फसल नजर ही नही आ रही। किसानों ने सरकार और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इसके साथ सिंचाई विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी है। क्योंकि केसीबी के किनारे यानि तटबंध कई साल से कमजोर पड़े हैं। सिंचाई विभाग ने मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के बावजूद केसीबी की क्षमता सुधार, सफाई और तटबंधों की मजबूती पर ध्यान नही दिया। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इसकी शिकायतें भी की लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। अब किसानों ने इसकी विजिलेंस जांच की मांग की है।

### दो दिन से नहीं थम रही बारिश, शहर लबालब



**बहादुरगढ़।** इलाके में दो दिन से बरसात का सिलसिला जारी है। सोमवार की सुबह से लेकर मंगलवार की दोपहर तक इलाके में 92 एमएम से अधिक बरसात दर्ज की जा चुकी है। मुख्य सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित है। मंगलवार की दोपहर फाउंडेशन स्कूल से लेकर सेक्टर-2 मोड़ तक पानी भरा रहा।

---

**ठगों ने एप डाउनलोड करवाया, प्रॉफिट का लालच देकर हड़प लिए पैसे, केस**

# शेयर मार्केट में मुनाफे की चाह में फार्मेसी टीचर को 76 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शेयर मार्केट में निवेश और प्रोफिट के नाम पर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। अब बहादुरगढ़ के निवासी एक व्यक्ति को शातिरों ने करीब 76 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित सेक्टर-6 थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी का रहने वाला है और सोनीपत स्थित एक फार्मेसी कॉलेज में शिक्षक है। पीड़ित का कहना है कि वह शेयर मार्केट में निवेश करता है लेकिन अक्सर उसे नुकसान का सामना करना पड़ता है। एक दिन फेसबुक पर शेयर मार्केट के संबंध में टिप्स देने अथवा फायदा कराने वाले ग्रुप का लिंक आया। जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप में जुड़ गया। ग्रुप में काफी लोग शामिल थे। अक्सर वे अपने प्रोफिट संबंधित स्क्रीनशॉट उसमें डालते थे।

### लड़की से चैट व कॉल के बाद भेजे लाखों रुपये

उन्हें देखकर मेरी रुचि बढ़ी और लगा कि शायद मुझे भी लाभ हो सकता है। इसी दौरान एक लड़की का मेरे पास व्हाट्सएप पर मैसेज आया। उसने खुद का नाम तनुश्री बताया और कहा कि वह भी ग्रुप से जुड़ी है। उसने प्रोफिट का लालच देकर मुझ से एक एप्लीकेशन डाउनलोड कराई। एप इंस्टाल कर उस पर पंजीकरण किया। तनुश्री के साथ चैट और कॉल पर बात होने लगी तथा उसके कहे अनुसार दस अगस्त से 30 अगस्त के बीच अपने विभिन्न खातों से 76 लाख चार हजार रुपये भेज दिए।

### साढ़े तीन करोड़ प्रॉफिट दिखाया, पैसे नहीं निकले



तनुश्री नाम की लड़की ने कई अलग अलग खातों में यह राशि डलवाई। जब भी रुपये डालता था तो एप में प्रॉफिट नजर आता था। जब करीब साढ़े तीन करोड़ प्रॉफिट दिखाई दिया तो रुपये निकालने चाहे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिर उस लड़की से बात करने का प्रयास किया लेकिन उसके नंबर बंद आए। इसके बाद उसे समझ में आया कि वह ठगों का शिकार हुआ है लेकिन देर हो चुकी थी। उधर, साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चलती रोडवेज बस पर गिरा पेड़




**बहादुरगढ़।** हरियाणा रोडवेज की बस के अंदर घुसा पेड़।

### खाली थी बस, अन्यथा हो सकता था बड़ा हादसा

बहादुरगढ़। बरसात के बीच नजफगढ़ रोड पर दुर्घटना हो गई। यहां एक पेड़ रोडवेज बस पर गिर गया। गनीमत रही कि बस में सवारी नहीं थी, अन्यथा बड़ी हानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे पुराने अड्डे से एक बस नए अड्डे की ओर जा रही थी। नजफगढ़ रोड पर जब बस बालोर चुंगी से कुछ दूर पहले एक मेडिकल स्टोर के निकट पहुंची तो अचानक पेड़ गिर गया। पेड़ का कुछ हिस्सा खिड़की तोड़कर बस के अंदर चला गया। संयोगवश बस खाली थी। केवल ड्राइवर सतपाल ही उसे लेकर जा रहा था। दुर्घटना के कई घंटे बाद तक बस सड़क किनारे खड़ी रही।

---

**मुंगेशपुर ड्रेन के पानी ने परनाला, छोटूराम व अन्य जगह आफत**

# बरसात और ड्रेन ओवरफ्लो होने से 64 गांवों की 33 हजार 620 एकड़ भूमि जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पिछले दो दिनों से जारी भारी बरसात ने बहादुरगढ़ शहर की कुछ कॉलोनियों व कई गांवों के हालात बिगाड़ दिए हैं। ड्रेन के आसपास लगते शहर के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है, वहीं गांवों के खेतों में भी जलभराव के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। इलाके के 64 गांवों में साढ़े 33 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में जलभराव है। गांव परनाला में मुनादी करवाई जा रही है।

नालों और ड्रेनों के उफान से हालात और गंभीर होते जा रहे हैं। खतरे के निशान से ऊपर चल रही मुंगेशपुर ड्रेन के पानी ने परनाला, विवेकानंद नगर और छोटूराम नगर के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कुछ जगहों पर रिसाव से ड्रेन का पानी ओवरफ्लो होकर गलियों में भर गया है। इसके वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जल निकालने के लिए पंप सेट लगाए गए हैं। केसीबी ड्रेन और मुंगेशपुर ड्रेन का स्तर लगातार बढ़ रहा है। अधिकारी लगातार मौके का निरीक्षण कर रहे हैं। ड्रेनों की दरारें भरी जा रही है। कट्टे, मिट्टी डालकर पटरियों को मजबूत करने की कोशिशें जारी हैं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है।



**बहादुरगढ़।** कुलासी गांव के खेतों में भरा पानी।

### कुलासी, खरहर, गंगड़वा और छुड़ानी के खेतों में पानी भरा

कुलासी, खरहर, गंगड़वा और छुड़ानी समेत कई गांवों के खेतों में पानी भरा हुआ है। बहादुरगढ़ उपमंडल कृषि विभाग कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, 64 गांवों में करीब 33 हजार 620 एकड़ कृषि भूमि पर जलभराव हो चुका है। नुकसान का सही आंकड़ा जांच के बाद होगा। किसानों का कहना है कि अगर बारिश का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा और ड्रेनों में पानी का स्तर बढ़ा रहा तो फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। दूसरी तरफ, प्रशासन की ओर से प्रभावित इलाकों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मंगलवार की दोपहर को लुकसर गांव में अधिकारियों का जमावड़ा रहा।

## लैंड पूलिंग का विरोध में किसान



**बहादुरगढ़।** लैंड पूलिंग पॉलिसी के खिलाफ नारेबाजी करते किसान।

**बहादुरगढ़।** स्थानीय किसानों ने भी लैंड पूलिंग पॉलिसी का विरोध शुरू कर दिया है। लाइनपार की तरफ के गांवों में किसानों ने इसकी खिलाफत शुरू कर दी है। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के हंसराज राणा ने बताया कि नरवाना में संपन्न हुई संयुक्त किसान मोर्चा की राज्य कन्वेंशन में यह मुद्दा शामिल हो गया है। लडरावण, कुलासी, किड़ोली आदि के किसानों ने नारेबाजी की। साथ ही बताया कि 7 सितंबर को लडरावण सीमा पर बाबा सदानंद आश्रम में किसान पंचायत की जाएगी। डॉ शमशेर सिंह ने कहा कि पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में लैंडपूलिंग पॉलिसी काला अध्याय साबित होगी। जोगेंद्र छिकारा ने कहा कि यह पॉलिसी न्यायसंगत नहीं है। किसान नफे सिंह, ओमकंवर रूहिल, दर्शन खत्री, सुभाष, राजपाल, दयानंद, हरिप्रकाश, सुनील, कर्मबीर, कृष्ण, सुरेश राणा आदि किसानों ने प्रदर्शन किया।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

## लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेस्ट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज'का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।




***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत'का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा'से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर'पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

**खबर संक्षेप**



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यालय को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लिया

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा खुर्द स्थित शहीद नरेश कुमार राजकीय वमावि में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, प्रेरणादायी और गरिमामय वातावरण से युक्त बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष रामवीर शर्मा, महासचिव शंकर लाल और प्रदेश सचिव विनोद चौहान भी उपस्थित रहे।

## एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में प्रतियोगिता का आयोजन

# बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिता में दूसरी से पांचवीं तक के छात्रों ने भाग लिया
- विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग करके झोपड़ी, साइकिल, फूल संबंधी अनेक उपयोगी मॉडल बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



झज्जर। वेस्ट सामग्री से बनाए आकर्षक मॉडल दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्रतियोगिता में दूसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य सतबीर सिंह और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लो की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग करके झोपड़ी, साइकिल, फूल संबंधी अनेक उपयोगी मॉडल बनाए। प्रतियोगिता परिणामों की जानकारी देते हुए नीलम कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में पांचवीं कक्षा से इप्शिका ने प्रथम, मिहिका ने द्वितीय और काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथी कक्षा में वरुण प्रथम, साहिल द्वितीय व देवेश तृतीय रहा। तीसरी कक्षा में कार्तिक ने पहला, देवांशी ने दूसरा व वंशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी कक्षा में हंसुजा पहले, रेजल दूसरे तथा ईशाना व तनिषा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### कार्यशाला में विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को दी रद्दी कागज से सजावटी वस्तुएं बनाने की जानकारी

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में ललित कला क्लब, प्लेसमेंट सेल और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ जितेंद्र राय ने विद्यार्थियों को रद्दी कागज से आकर्षक आर्टिफैक्ट और सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाया। उन्होंने सिखाया कि किस प्रकार साधारण कागज को दोबारा उपयोग में लाकर काम की वस्तुएं तैयार की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इन सजावटी वस्तुओं को छोटे स्तर पर बेचकर स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**18 सितंबर को पानीपत में होगा प्रदर्शन**

# मांगों को लेकर ग्रामीण चौकीदारों ने किया प्रदर्शन

- डीसी कार्यालय पर गरजे ग्रामीण चौकीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण चौकीदार। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण चौकीदारों द्वारा मंगलवार को यूनियन की लंबित मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में प्रदेश कोषाध्यक्ष भगत सिंह, सीआईटीयू से किरण ग्रामीण चौकीदारों के साथ ने मिलकर उनकी आवाज उठाई। उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि ग्रामीण चौकीदार पिछले लंबे समय से अपनी मांगों व मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। मांगें पूरी न होने से चौकीदारों में रोष व्याप्त है।

जिला प्रधान राजेंद्र सुलोधा ने कहा ग्रामीण चौकीदार चौबीसों घंटे गांव से लेकर शासन प्रशासन तक के कार्य करता है लेकिन उसके बदले सरकार केवल ग्यारह हजार रुपये देती है। इस वेतन में से पीएफ कटने के बाद जो पैसे बचते हैं उसमें परिवार का गुजारा होना मुश्किल है।

**पानीपत में करेंगे प्रदर्शन**

सरकार द्वारा उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। यदि समय रहते उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आगामी 18 सितंबर को प्रदेश भर के चौकीदार पानीपत के मतलौदा पहुंच कर पंचायत मंत्री कृष्ण पवार की कोठी पर रोष प्रदर्शन करेंगे। उनकी मुख्य मांगों में ग्रामीण चौकीदार को पक्का किया जाए। जब तक पक्का नहीं करते तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये दिया जाए, मेडिकल सुविधा मिले, ग्रामीण चौकीदार की मृत्यु हो जाने पर 10 लाख रुपये की सहायता व गांव की आबादी को देखते हुए ग्रामीण चौकीदार की नियुक्ति करना शामिल है। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

**समाज को खोखला करती जा रही**

# मूवी दिखाकर एड्स के प्रति किया जागरूक

- वैश्य आर्य कन्या कॉलेज में रेडक्रॉस व एनएसएस सैल ने मूवी शो का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रैडक्रॉस व एनएसएस सैल ने मूवी शो का आयोजन किया। जिसमें एचआईवी एड्स के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के लिए टीच एड्स नामक मूवी दिखाई गई। छात्राओं ने बड़े ही अनुशासनता, उत्सुकता व सक्रियता से मूवी को देखा तथा एड्स के प्रति उनके मन में जो भ्रांतियां थी। इसके बाद प्रश्न उत्तर राउंड हुआ।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि समझदारी में ही बचाव है। एड्स जैसी गंभीर बीमारी आज हमारे समाज को दिन-प्रतिदिन खोखला करती जा रही है। हयूमन इम्यूनोडेफिसिएंसी वायरस के शरीर पर आक्रमण करने से एड्स का संक्रमण होता है। युवाओं को जागरूक होकर इस बीमारी से खुद को बचाना है। उन्होंने छात्राओं से एड्स होने के कारणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए इससे बचाव के उपाय भी सांझा किए। रैडक्रॉस प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने छात्राओं को बताया कि सक्रंमित व्यक्ति के साथ उठने-बैठने, छींकने-खांसने व थूक-बलगम आदि से एड्स नहीं फैलता। असुरक्षित यौन संबधों, सक्रंमित रक्त के संपर्क, सांझा सूई या इंजेक्शन के इस्तेमाल से एड्स फैलता है। एनएसएस प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने भी छात्राओं से विस्तृत चर्चा में एड्स के प्रति पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि मां के दूध से भी एचआईवी फैल सकता है। उन्होंने छात्राओं को एड्स हैल्पलाइन नंबर-1097 तथा एड्स जागरूकता एप नाको एड्स एप के बारे में भी बताया।



बहादुरगढ़। एड्स पर आधारित जागरुकता फिल्म देखती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। चालक परिचालकों को प्रशिक्षण देते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चालकों व परिचालकों को दिया प्रशिक्षण

**झज्जर।** विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए संस्कारम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को स्कूल वाहन चालकों व परिचालकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। स्कूल के परिवहन प्रभारी सोमबीर ने बताया कि पुलिस कमिश्नर राजश्री सिंह ने जिले के सभी स्कूल संचालकों की बैठक लेते हुए उन्हें सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोजित प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य चालक परिचालकों को प्रदेश सरकार की सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के सख्त नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान चालकों को बच्चों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वे बस में चढ़ते और उतरते समय पूरी तरह सुरक्षित हों। इसके अतिरिक्त बस को स्कूल परिसर से रवाना करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच करने और यात्रा के दौरान किसी भी हालत में मोबाइल का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया।

# बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में गणेशमोत्सव के छठें दिन भजन संध्या की गई। कार्यक्रम में संतोष हंस, संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, उमा गुलाटी, आशु बजाज, आचंल सेठी, शशी हंस, हर्ष चावला, यशिका रंजन, भावना काठपालिया, इंदू भुगड़ा सहित महिला मंडली की सदस्यों ने राधा रानी कृपा कीजिए, आचंल में छिपा लीजिए...गणपति गणेश को उमापति महेश मेरा प्रणाम है..राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, देवेश शर्मा, योगेश रंजन ने पर्दा ना कर पुजारी दिखने दे राधा प्यारी.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान वेद बहल पाशु, पदम्‍ खट्टर, सुभाष वर्मा, केवल अरोड़ा, ध्रुव सेठी, प्रिंस सेठी, अमन वर्मा, सक्षम वर्मा, शिवम तनेजा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु

# दसलक्षण महापर्व के छठे दिन मनाया उत्तम संयम धर्म



- कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने जप-ध्यान और भक्ति गीतों के माध्यम से संयम धर्म का महत्व समझा

**बहादुरगढ़।** जैन समाज के पावन दसलक्षण महापर्व के अंतर्गत छठा दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। इस अंवसर पर जटवाड़ा मौहल्ला, अग्रवाल कॉलोनी, संत कॉलोनी स्थित जैन समाज के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक प्रवचन और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिगंबर जैन समाज के प्रधान पवन कुमार जैन ने बताया कि संयम धर्म का अर्थ है इन्द्रियों पर नियंत्रण, मर्यादा का पालन और आत्मा की शुद्धि के लिए अनुशासन। संयम धर्म का पालन करने से व्यक्ति सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होता है। संयम केवल बाहरी नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, वचन और कर्म पर नियंत्रण का संदेश देता है।

श्रद्धालुओं ने जप-ध्यान और भक्ति गीतों के माध्यम से संयम धर्म का महत्व समझा और जीवन में इसे अपनाने का संकल्प लिया। दसलक्षण पर्व के अंतर्गत प्रत्येक दिन एक विशेष धर्म को आत्मसात करने का संदेश दिया जाता है, जिससे समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरण को बढ़ावा मिलता है। सुनील जैन ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रवचन और धार्मिक आयोजन निरंतर चलते रहेंगे।



झज्जर। विजेता स्काउट व गाइड के साथ डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने स्काउट एंड गाइड को सम्मानित किया, झज्जर जिले को मिले थे चार अवार्ड

**झज्जर।** जिले में संचालित स्काउटिंग व गाइडिंग गतिविधियों में एक उपलब्धि और जुड़ गई है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावती ने बताया कि बीती 31 अगस्त को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रपति स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर अवार्ड सर्टिफिकेट वितरण समारोह में जिले की तीन गाइड दिव्या, अंतिम व अंजलि तथा स्काउट जयंत को राष्ट्रपति स्काउट व गाइड अवार्ड से नवाजा गया। गर्व की बात यह है कि प्रदेश में ग्यारह अवार्ड में से चार अवार्ड उनके जिले से है। अवार्ड विजेताओं के लौटने पर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर राज्य मुख्यालय भारत स्काउट एवं गाइड चंडीगढ़ से एसओसी, एसटीसी गाइड रोमा सपरा, एसटीसी स्काउट एलएस वर्मा, एसओसी विनोद बंसल, अनिल कौशिक, पुष्पा देवी, डिप्टी डीईओ रतिंद्र सिंह, अनिल कुमार, प्राचार्य नरेंद्र फौगाट, आनंद कुमार, प्रवीण कुमारी, प्रवीण जाखड़, कृष्ण कुमार, विक्की जाखड़, चांदराम, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# हिंदी-इतिहास मास्टर कोर्स युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बनाएंगे महारथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- हिंदी की पढ़ाई से युवाओं में लेखन सृजनशीलता, अनुवाद, संवाद कौशल और साहित्यिक आलोचना के आ जाते हैं गुण

राजकीय महाविद्यालय दूबलधन पहले से ही प्रशासनिक व अकादमी अधिकारियों का खजाना रहा है। अब हिंदी और इतिहास के मास्टर कोर्स युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में सफल महारथी बनाएंगे। पीजी कोर्स में दाखिला अभियान की जानकारी देते हुए राजकीय महाविद्यालय दूबलधन के प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया ने कहा कि जब हम प्रतियोगी परीक्षाओं की पृष्ठभूमि को खंगालते हैं तो हिंदी व इतिहास का अध्ययन बौद्धिक समझ व सामान्य ज्ञान में पारंगत होने में विशेष भूमिका निभाता है।

करियर काउंसलर अब भाषा और मानविकी विषयों को भी किसी युवा के करियर निर्माण की धुरी मानते हैं। उनका मानना है कि हिंदी और इतिहास जैसी पीजी कोर्स न केवल एकेडमिक विकास बल्कि सामाजिक चेतना, विश्लेषण क्षमता और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी में भी युवाओं को सक्षम बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी की पढ़ाई से युवाओं में लेखन सृजनशीलता, अनुवाद, संवाद कौशल और साहित्यिक आलोचना के गुण आ जाते हैं। वैसे भी हिंदी हरियाणवी और अंग्रेजी के बीच की सार्थक कड़ी है। इसके अध्ययन से रेडियो टीवी एंकरिंग, खेल एंकरिंग, कंटेंट राइटिंग और भाषा विशेषज्ञ बनने के अवसर खुलते हैं। इतिहास के अध्ययन से पुरातत्व विशेषज्ञ, अभिलेखागार विश्लेषक, पर्यटन के क्षेत्र में भविष्य संवरता है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में एक विशाल पुस्तकालय हैं जिसमें विभिन्न विषयों की लगभग बीस हजार पुस्तकें उपलब्ध हैं।

**खेल कोटे की भर्तियों में दिक्कत का करें समाधान**

# आयु सीमा में विशेष छूट देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक संघ ने हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन से आयु सीमा में छूट देने, लंबित खेल कोटे की रिक्तियों को भरने और पैरा खिलाड़ियों के साथ समानता सुनिश्चित करने की मांग की है। इसे लेकर हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की टीम द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया।

हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश कोच, नीरज तंवर, अनिल खत्री, रोहित पुंधीर, सुनील रंगा, कपिल अत्तरेजा, अमर सिंह, भूपेंद्र चौहान और चिन्मय गर्ग ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह से मिलकर आग्रह किया है कि खेल कोटे के अंतर्गत भर्ती से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करे। आयोग को सौंपे गए ज्ञापन में ओलंपिक संघ ने पिछले 8 से 10 वर्षों से लंबित रिक्तियों के कारण अनिश्चितता का सामना कर रहे खिलाड़ियों की पीड़ा उजागर की। पूर्व में दिए गए विज्ञापनों के तहत आवेदन करने और अब भर्ती में देरी के कारण आयु सीमा से बाहर होने वाले खिलाड़ियों को विशेष आयु छूट दी जाए। खेल कोटे के अंतर्गत सभी विभागों में लंबित भर्तियों को समेकित कर जल्द से जल्द नया विज्ञापन जारी किया जाए और भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए। मीनू बेनीवाल व राकेश कोच ने कहा कि लंबे समय से हो रही देरी के कारण अनेक खिलाड़ियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। मुख्यधारा और पैरा खिलाड़ियों दोनों के अधिकारों की रक्षा और तुरंत कदम उठाना आवश्यक है।



बहादुरगढ़। कमीशन के चेयरमैन को स्मृति चिह्न देते एसोसिएशन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरुक करते विशेषज्ञ।

### छारा कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीणों को बेटियों के अधिकार और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

**बहादुरगढ़।** गांव छारा के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर व्याख्यान और मॉप अप डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनिता दलाल के मार्गदर्शन में लगे शिविर में स्वास्थ्य निरीक्षण के साथ-साथ छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों को बेटियों के अधिकार और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी गई। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छारा की डॉक्टरों की टीम के सहयोग से कॉलेज के युवा रेडक्रॉस, एनएसएस, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम तथा महिला प्रकोष्ठ द्वारा इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। युवा रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. श्वेता, एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता दलाल, आउटरीच प्रोग्राम प्रभारी गीतांजलि, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ज्योति, मोहित, डॉ. अश्विनी कुमार व बीना आदि के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। मॉप अप डे के अंतर्गत कृमि मुक्ति दवा का वितरण किया गया ताकि कोई भी लाभार्थी छूट न जाए। इन कार्यक्रमों में भाग लेते हुए ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य व समाज के प्रति जागरूकता की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### बैंक कॉलोनी स्थित मकान में चोरी

**बहादुरगढ़।** बैंक कॉलोनी स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। परिवार सोता रह गया और चोर वारदात को अंजाम देकर चंपत हो गए। सेक्टर 9 चौकी पुलिस ने केस दर्ज किया है। वारदात अनिल के मकान में हुई है। अनिल का कहना है कि वह यहां बैंक कॉलोनी में रहता है। 31 अगस्त की रात को हम सभी परिवार के सदस्य सो गए। अगली सुबह वारदात का पता चला। कमरे में रखे चार मोबाइल गायब थे। दराज में रखे 15 हजार रुपये नहीं मिले। फिर आसपास कैमरे चेक किए। रात करीब तीन बजे चोर दीवार फांदकर घर में घुसा। जबकि दूसरा साथी मकान के बाहर ही खड़ा था।

### साइट से सरिया चोरी करते दो चोर पकड़े

**बहादुरगढ़।** सदर थाने के अधीन लगती एक हाउसिंग सोसाइटी में चोरी की वारदात को अंजाम देते दो शातिर पकड़े गए। आरोपियों के पास से एक बाइक व करीब 40 किलो सरिया बरामद हुआ। पुलिस को दी शिकायत में अजय डबास ने कहा है कि वह हाउसिंग सोसाइटी में सिक्योरिटी इंचार्ज है। रात करीब दस बजे परिसर में मौजूद स्कूल की साइट से दो शातिर सरिया उठा रहे थे। इस दौरान गार्ड की नजर उन पर पड़ गई और दोनों पकड़ लिए गए। इस दौरान उनके पास बिना नंबर प्लेट की बाइक व 40 किलोग्राम सरिया बरामद हुआ। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान पवन व अरुण के रूप में हुई है। दोनों दुल्हेड़ा के रहने वाले हैं।

### आरटीए आफिस के पास से बाइक चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर में वाहनों की चोरी बढ़ रही है। सरकारी दफ्तरों के आसपास से भी वाहन उठ रहे हैं। अब यहां आरटीए आफिस के निकट से एक बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। चांदपुर के निवासी सुनील का कहना है कि वह किसी काम के सिलसिले में आरटीए आफिस आया था। यहां दफ्तर के नजदीक चाय की दुकान के साथ बाइक खड़ी कर दी और अंदर चला गया। कुछ समय बाद बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। फिर उसने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने किया राजकीय स्कूलों का दौरा, निपुण भारत मिशन की गतिविधियों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

निपुण भारत मिशन के तहत छात्रों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के क्रियान्वयन और इसके प्रभाव का जायजा लेने के उद्देश्य से एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को बहादुरगढ़ के 2 विद्यालयों का दौरा किया। उन्होंने शिक्षकों व विद्यालय प्रमुखों से उनकी भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और बुनियादी साक्षरता को लागू करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय और किला मौहल्ला में स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल तबेला का भ्रमण किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल में रवांडा से अल्बर्ट, यूनिसेफ चीफ एजुकेशन से साधना पांडे, यूके से एजुकेशन जेंडर एंड इक्वलिटी की निदेशक जुडिथ, ब्रिटिश काउंसिल से निकुंज, विश्व बैंक से लुइस, यूएई से वत्स सिंह, सेंटर स्क्वायर फाउंडेशन से सम्भ्रांत, अर्पित उपाध्याय व अभिषेक समेत विश्व के विभिन्न देशों एव संस्थाओं के शिक्षाविद् शामिल थे।

साथ ही उन्होंने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा मेंटर्स के साथ रचनात्मक संवाद किया। शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण मार्गदर्शिका, विद्यार्थियों की कार्य पुस्तिका, शिक्षण-अधिगम सामग्री, प्रिंट रिच एनवायरनमेंट, शिक्षण पद्धति का प्रतिनिधिमंडल ने सूक्ष्मता से अवलोकन किया।




बहादुरगढ़। क्लॉस रूम में मंगलवार को पठन पाठन की प्रक्रिया जानता प्रतिनिधिमंडल और शिक्षा विभाग के अधिकारियों, स्कूल स्टॉफ के साथ विदेशी प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### राज्य की बेस्ट प्रैक्टिसेज के बारे में भी जानकारी दी

जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पूनिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पठन पाठन की प्रक्रिया से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने विद्यालयों में चल रही गतिविधियों की सराहना की। राज्य निपुण समन्वयक डॉ. प्रमोद शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य स्तर से विद्यालय स्तर तक निपुण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने निपुण मिशन के तहत राज्य की बेस्ट प्रैक्टिसेज के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय भ्रमण के उपरांत, प्रतिनिधिमंडल ने खंड व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। इस बैठक में जिला उप शिक्षा अधिकारी अनिल शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह, मेंटर्स नीलम, समीर, प्रिया व संजू के अलावा विद्यालय मुखिया दिलबाग और वर्षा उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं से रूबरू हुई हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्षा

## महिला को हो कानून-अधिकारों की जानकारी

**बहादुरगढ़।** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्षा रेणु भाटिया मंगलवार सुबह बहादुरगढ़ के राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही महिला सशक्तिकरण होगा। महिलाओं को अपने अधिकारों और कानूनों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। राजकीय महिला महाविद्यालय कि प्रधानाचार्य अलका गुलाटी ने चेयरपर्सन रेणु भाटिया समेत सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया और छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। रेणु भाटिया के अनुसार राज्य महिला आयोग प्रदेश के अधिकांश शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रयासरत है। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अपग्रेडेशन से छात्राओं और महिलाओं को अवगत होना चाहिए। गुड और बैड के साथ ही क्राइम के हथकंडों की जानकारी उन्हें होनी चाहिए।



बहादुरगढ़। छात्राओं को संबोधित करतीं चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

### लव मैरिज और अरेंज मैरिज पर भी चर्चा की और छात्राओं की उनकी राय जानी

चेयरपर्सन ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप पर समाज को ध्यान देने की जरूरत है। इसके बुरे पहलू से बचें। लव मैरिज और अरेंज मैरिज पर भी उन्होंने चर्चा की और छात्राओं की राय जानी। उन्होंने कहा कि छात्राओं और महिलाओं को अपनी बात रखने में कोई डर नहीं होना चाहिए। डरने से आरोपी के हौंसले और बढ़ते हैं, इसलिए आरोपी को कानून के कटघरे में जरूर लाना चाहिए। एसीपी अनिरुद्ध चौहान ने साइबर और पॉस्को एक्ट के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए किसी अननोन लिंक पर क्लिक न करें। किसी प्रकार की लोभ लालच देने वाली कॉल से बचें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। कार्यक्रम में एसीपी डॉ प्रणय कुमार, एसएचओ सोमबीर, महिला थाना प्रभारी नीलम व सीडीपीओ प्रियंका मौजूद रहीं।

# गणपति जीवन की समस्त बाधाओं को करते हैं दूर

*गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। घरों और पंडालों में सुबह शाम श्रद्धापूर्वक श्री गणेश जी का पूजन कर लोग सुख समृद्धि की कामना कर रहे। भजन संध्या में भी खासी भीड़ दिखाई पड़ रही।*

### जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ, इसके भयंकर परिणाम देखने पड़े

भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने मुख्यअतिथि के रूप में गणपति पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुरानी सब्जी मंडी में बालक हितैषी सेवा समिति की ओर से मनाए जा रहे श्री गणेश महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक श्री गणेश जी का पूजन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने मुख्यअतिथि के रूप में गणपति पूजा की और लोगों की सुख-स्मृद्धि की कामना की। उन्होंने गणेश जी को विघ्नों को हरने वाला बताते हुए कहा कि इन दस दिनों के दौरान यदि श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ गणेश जी का पूजन किया जाए तो गणेश भगवान जीवन की समस्त बाधाओं का अंत कर देते हैं। साथ ही अपने भक्तों पर सौभाग्य, समृद्धि एवं सुखों की बारिश करते हैं। इस अवसर पर अंकित शर्मा, रविकांत भौंसले, टिंकू सैनी, लोकेश जांगड़ा, मनोज, चंद्रकांत, नितिन शर्मा, सचिन सैनी, पुनित टक्कर आदि ने कहा कि दस दिनों तक चलने वाला यह त्योहार हिन्दुओं की आस्था का अद्भुत प्रमाण है।



बहादुरगढ़। गणेश भगवान की पूजा अर्चना करते संजय सैनी व अन्य।



झज्जर। गणेश प्रतिमा को विसर्जन को ले जाते स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य।

## झज्जर में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

### एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गणेश महोत्सव पर कार्यक्रम

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाए जा रहे गणेश महोत्सव को लेकर मंगलवार को गणेशजी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। स्कूल मैनेजमेंट के नेतृत्व में विधिवत रूप से विसर्जन किया गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया ने बताया कि उन्होंने सर्वकल्याण की कामना के साथ गणेश चतुर्थी पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की थी। इसके बाद नियमित रूप से उनकी पूजा-अर्चना की गई।

स्कूल प्रबंधक केएम डागर और स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने कहा कि भगवान श्रीगणेश रिद्धि-सिद्धि के दाता हैं। इनका पूजन सभी देवी-देवताओं में सबसे पहले किया जाता है। इस मौके पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, अमित लोहचब, जितेंद्र, रितिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते हुए महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया। फोटो : हरिभूमि

महिला आयोग की चेयरपर्सन का दौरा

# वन स्टॉप सेंटर व महिला थाने का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने वन स्टॉप सेंटर और महिला थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों का अवलोकन किया और कई पीड़ित महिलाओं से फोन पर बातचीत कर उनकी वर्तमान स्थिति जानी। उन्होंने सेंटर के काउंसलरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले की कम से कम तीन से चार महीने तक लगातार मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, कुछ मामलों में रैंडम कॉल कर यह सुनिश्चित किया जाए कि महिला आज भी किसी समस्या या शोषण का शिकार न हो और सुरक्षित जीवन व्यतीत कर रही हो। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य पीड़ित महिला को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके बाद उन्होंने महिला थाना का भी दौरा किया। यहां उन्होंने पीड़ित महिलाओं से सीधे मुलाकात की और उनके मामलों को समझा। कई मामलों में उन्होंने स्वयं फोन पर दूसरे पक्ष से भी बातचीत की, ताकि विवाद का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान एसीपी सुरेंद्र कंबोज, महिला थाना प्रभारी किरण, इंस्पेक्टर सुनीता मौजूद रहे।

## गांव जसौर खेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ ओरिएंटेशन

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को गांव जसौर खेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को महाविद्यालय के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न गतिविधियों के इंचार्जों ने अपने-अपने विभागों के बारे में छात्राओं को विस्तार बताया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संदीप, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार, अजय कुमार व अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीसी ने मौसम को लेकर पंचायतों को सौंपी गश्त की जिम्मेदारी

**झज्जर।** बरसात के मौसम में सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने आदेश जारी किए हैं।

पंजाब स्मॉल टाउन पैट्रोल एक्ट, 1918 की धारा 3 के तहत जारी आदेशों के अनुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों को नहरों, नालों, पुलों, रिंग बांध, सुरक्षा बांध, कलवट्र्स, रेलवे ट्रैक, सड़कें, बिजली और टेलीफोन की लाइनें, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जलघर और अन्य सरकारी भवनों समेत संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आदेश तीस नवंबर तक प्रभावी रहेंगे

ग्राम पंचायतें गांवों के सक्षम वयस्क पुरुषों का सहयोग लेंगी और महत्वपूर्ण स्थानों पर दिन-रात गश्त के लिए उन्हें तैनात करेंगी। ग्राम पंचायतें हर हाल में इस गश्त को सुनिश्चित करेंगी। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को प्रवर्तन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे सुनिश्चित करेंगे कि ग्राम पंचायतें गश्त की व्यवस्था सही ढंग से लागू करें और जिले के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बनी रहे। डीसी द्वारा जारी यह आदेश आगामी तीस नवंबर तक प्रभावी रहेंगे।

# पुलिस ने कर्मचारियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सब इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश ने बहादुरगढ़ स्थित औद्योगिक इकाइयों में कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशे की लत केवल स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि समाज और देश के लिए भी घातक है, इसलिए समय रहते सजग होना जरूरी है।

जनता से अपील करते हुए उन्होंने बताया कि ड्रग पेडलिंग की गतिविधियों पर रोक लगाने और नशा पीड़ितों की मदद के लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर 1933 तथा टोल फ्री नंबर 9050891508 जारी किए हैं। इसके अलावा मानस पोर्टल पर भी नशा तस्करों से संबंधित जानकारी साझा की जा सकती है, जिसमें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। एसआई सत्य प्रकाश ने कहा कि जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं, वे भी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। उनका इलाज निःशुल्क कराया जाएगा।



बहादुरगढ़। कर्मचारियों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# भारी आयनों का प्रयोग चिकित्सा विज्ञान के लिए क्रांतिकारी उपलब्धि सिद्ध हो रहा

संस्कारम विश्वविद्यालय में हुआ अंतर राष्ट्रीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

इंटरनेशनल फैकेल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत संस्कारम विश्वविद्यालय में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में जर्मनी के डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक क्वांटम एंड फंडामेंटल फिजिक्स, जीएसई डामस्टाट, प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रीवडोज व डॉक्टर वोल्फगैंग क्विंट ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संबोधित किया। डॉक्टर वोल्फगैंग क्विंट ने मौलिक भौतिकी एवं चिकित्सकीय उपलब्धियां विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि भारी आयन केवल भौतिकी के गूढ़ सिद्धांतों को समझने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से चिकित्सा जगत में भी नए आयाम खुल रहे हैं। कैंसर जैसी जटिल बीमारियों के उपचार में भारी आयनों का मुख्य रूप से प्रयोग चिकित्सा विज्ञान के लिए एक क्रांतिकारी उपलब्धि सिद्ध हो रहा है। यही कारण है कि यह विषय आज शोध और चिकित्सा दोनों ही क्षेत्रों का महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। उन्होंने संस्कारम विश्वविद्यालय के शोधार्थियों से कहा कि अगर कोई शोधार्थी जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट में आकर में आकर अपने शोध कार्य से संबंधित प्रयोगशालाओं के अंतर्गत अध्ययन करना चाहता है तो उसका स्वागत है।




झज्जर। मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट करते विद्यार्थी, साथ में खड़े चेयरमैन महिपाल।

### व्याख्यान नवीनतम वैज्ञानिक शोध और तकनीकी प्रगति से जोड़ते

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि उनके संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, शोध और नवाचार का अवसर प्रदान करना है। ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक शोध और तकनीकी प्रगति से जोड़ते हैं। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश ने कहा कि श्वविद्यालय में उच्चस्तरीय प्रयोगशालाएं, शोध संसाधन और अनुभवी संकाय उपलब्ध हैं। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे और डॉक्टर क्विंट ने उन प्रश्नों के विस्तार से उत्तर दिए। विश्वविद्यालय की ओर से वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

## किसानों की खराब फसलों का तुरंत मुआवजा दे सरकार: विकास पाराशर

**झज्जर।** बारिश व जलभराव के कारण किसानों की पूरी फसलें बर्बाद हो चुकी है, इसलिए सरकार किसानों के कर्ज माफ करें व किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा दें। यह बात जेजेपी के जिला प्रेस प्रवक्ता विकास पाराशर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि जिला झज्जर में किसानों की ज्वार, बाजरा,धान आदि की फसलों भारी बारिश की वजह से भारी नुकसान हुआ है। खेतों में जलभराव होने की वजह से फसल पूर्णतया खराब होने की कगार पे आ चुकी है। जिससे ना केवल किसानों का बल्कि आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। जल निकासी न होने के कारण और बीमारियां फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के समक्ष उनके पशुओं के लिए चारे की बहुत बड़ी समस्या आन खड़ी हुई है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को कम से कम चालीस हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।



विकास पाराशर, जिला प्रेस प्रवक्ता